# 6 चौहान राजवंश

1. राजपूतों की अग्निकुण्ड से उत्पत्ति के मत का प्रतिपादन सर्वप्रथम किया था?
(1) डॉ. भण्डारकर ने (2) डॉ. गौरीशंकर औझा ने
**(3) चन्दरबरदाई ने** (4) मुहणौत नैणसी ने (3)

2. किस रासो में विग्रहराज व परमार राजा भोज की बेटी राजमती के मध्य प्रेम सम्बन्धों का उल्लेख मिलता है?
(1) हम्मीर रासो **(2) बीसलदेव रासो**
(3) पृथ्वीराज रासो (4) ललित विग्रहराज (2)

3. रणथम्भौर की विजय के उपरांत अलाउद्दीन खिलजी ने इस दुर्ग को किसके अधिकार में सौंप दिया था?
(1) नुसरत खाँ (2) मुहम्मद
**(3) उलुग खाँ** (4) जलाल खाँ (3)

4. पृथ्वीराज तृतीय और मोहम्मद गौरी के मध्य कितने युद्ध लड़े गए थे?
**(1) 2** (2) 4
(3) 1 (4) 3 (1)

**व्याख्या–** पृथ्वीराज तृतीय और मोहम्मद गौरी के मध्य तराईन का प्रथम युद्ध (1191 ई.) व तराईन का द्वितीय युद्ध (1192 ई.) दो बड़े युद्ध लड़े गए थे।

5. निम्न में से कौनसा विद्वान व साहित्कार पृथ्वीराज तृतीय का दरबारी नहीं था?
(1) चन्दरबरदाई (2) विद्यापति
(3) वागीश्वर **(4) सोमदेव** (4)

**व्याख्या–** सोमदेव विग्रहराज चतुर्थ का दरबारी विद्वान था।

6. जालौर को विजित करने के बाद अलाउद्दीन खिलजी ने जालौर का नया नाम क्या रखा था?
(1) खैराबाद (2) खिज्राबाद
(3) सलेमाबाद **(4) जलालाबाद** (4)

7. डॉ. दशरथ शर्मा के अनुसार चौहानों की उत्पत्ति हुई है–
**(1) ब्राह्मणवंशीय** (2) अग्निवंशीय
(3) सूर्यवंशीय (4) विदेशी (1)

8. सोनगरा चौहान के नाम से प्रसिद्ध है–
(1) रणथम्भौर के चौहान (2) गुजरात के चौहान
**(3) जालौर के चौहान** (4) अजमेर के चौहान (3)

9. गोविन्दराज ने रणथम्भौर में चौहान वंश की स्थापना कब की थी?
(1) 1191 ई. (2) 1184 ई.
(3) 1196 ई. **(4) 1194 ई.** (4)

10. किस शासक ने 'कोटियजन यज्ञ' का आयोजन करवाया था?
(1) पृथ्वीराज चौहान **(2) हम्मीर देव**
(3) बीसलदेव (4) बागभट्ट (2)

11. रणथम्भौर के हम्मीर के विरूद्ध किस मुस्लिम सेना नायक ने खिलजी सेना का नेतृत्व किया था?
**(1) उलुग खाँ** (2) खिज्र खाँ
(3) कामरू (4) नुसरत खाँ (1)

12. अलाउद्दीन खिलजी की विजयों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–
**(1) रणथम्भौर, चित्तौड़, सिवाना, जलौर**
(2) सिवाना, रणथम्भौर, चित्तौड़, जालौर
(3) रणथम्भौर, सिवाना, चित्तौड़, जालौर
(4) जालौर, सिवाना, चित्तौड़, रणथम्भौर (1)

**व्याख्या–** रणथम्भौर– 1301 ई., चित्तौड़ 1303 ई., सिवाना 1308 ई. व जालौर 13011 ई. में अलाउद्दीन खिलजी द्वारा आक्रमण किए गए।

13. हम्मीर देव चौहान ने अपने जीवन में कुल कितने युद्ध लड़े थे?
(1) 16 (2) 15
**(3) 17** (4) 12 (3)

**व्याख्या–** हम्मीर देव चौहान रणथम्भौर का सबसे शक्तिशाली शासक माना जाता है। हम्मीर को 16 युद्धों का विजेता कहा जाता है। 17वें युद्ध में अलाउद्दीन खिलजी से लड़ते हुए मारा गया।

14. निम्नलिखित में से कौनसा कथन पृथ्वीराज चौहान के बारे में असत्य है–
(1) पृथ्वीराज चौहान और गहड़वालों में शत्रुता का प्रमुख कारण जयचन्द गहड़वाल की पुत्री 'संयोगिता' थी।
**(2) संयोगिता व पृथ्वीराज के प्रेम का पता चलने पर जयचंद ने संयोगिता का स्वयंवर रखा, जिसमें पृथ्वीराज को भी आमंत्रित किया गया था।**
(3) जयचंद गहड़वाल पृथ्वीराज का मौसेरा भाई था।
(4) दिल्ली का राज्य प्राप्त करने को लेकर जयचंद व पृथ्वीराज में आपसी वैमनस्य हो गया। (2)

**व्याख्या–** संयोगिता व पृथ्वीराज के प्रेम का पता चलने पर जयचंद ने संयोगिता का स्वयंवर रखा, जिसमें पृथ्वीराज को भी आमंत्रित नहीं किया गया था।

15. वह प्रथम खिलजी शासक जिसने रणथम्भौर दुर्ग पर आक्रमण किया था?
(1) अलाउद्दीन खिलजी (2) महम्मुद खिलजी
**(3) जलालुद्दीन खिलजी** (4) गयासुद्दीन खिलजी (3)

16. 'तुर्क सेना का विजेता' प्रबन्ध कोष में किस शासक को कहा गया है?
(1) अजयराज **(2) पृथ्वीराज प्रथम**
(3) बीसलदेव (4) दुर्लभराज द्वितीय (2)

17. चौहानों की उत्पत्ति के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?
(1) कर्नल जेम्स टॉड व वी.ए. स्मिथ ने चौहानों को विदेशी बताया है।
(2) रायपाल के सेवाड़ी(पाली) के शिलालेख में चौहानों को इन्द्रवंशी बताया है।
(3) चन्द्रावती के लेख में चौहानों को ब्राह्मणवंशीय माना गया है।
**(4) सूर्यमल्ल मिश्रण व मूहणौत नैणसी ने चौहानों को सूर्यवंशीय बताया है।** (4)

**व्याख्या–** सूर्यमल्ल मिश्रण व मूहणौत नैणसी चौहानों की उत्पत्ति वशिष्ठ ऋषि द्वारा आबू के अग्निकुण्ड से मानते है।

18. वह दरबारी विद्वान जिसके कहने पर विग्रहराज चतुर्थ ने 'एकादशी के दिन पशुवध पर प्रतिबन्ध' लगा दिया था?
(1) धर्मघोष सूरी (2) नरपति नाल्ह
(3) सोमदेव (4) जयानक भट्ट (1)

19. विग्रहराज द्वारा निर्मित संस्कृत पाठशाला को मोहम्मद गौरी के किस सेनापति ने इसे तुड़वाकर एक मस्जिद का निर्माण का करवा दिया था?
(1) कुतुबद्दीन ऐबक (2) अलाउद्दीन खिलजी
(3) मोहम्मद गजनवी (4) मोहम्मद खिलजी (1)

20. पृथ्वीराज चौहान और चालुक्य राजा भीमदेव द्वितीय के मध्य संघर्ष के प्रमुख कारण कौन-कौन से थे?
(1) भीमदेव द्वितीय ने पृथ्वीराज तृतीय के पिता की हत्या कर दी थी।
(2) चालुक्य राजा भीमदेव द्वितीय 'शाकम्भरी' को अपने राज्य में मिलाना चाहता था।
(3) पृथ्वीराज ने आबू के परमार नरेश सलख की पुत्री 'इच्छिनी' से विवाह कर लिया था, जिससे भीमदेव द्वितीय नाराज हो गया था।
(4) उपर्युक्त सभी (4)

21. निम्न में से किस चौहान शासक ने हर्षनाथ मन्दिर का निर्माण करवाया था?
(1) चन्दनराज (2) गुवक प्रथम
(3) वासुदेव चौहान (4) सिंहराज (2)

व्याख्या- गुवक प्रथम प्रतिहार शासक 'नागभट्ट प्रथम' का सामंत था, इसने हर्षनाथ मंदिर (सीकर) का निर्माण करवाया था। जो चौहानों के इष्ट देव हैं।

22. निम्न में से किस हाड़ौती चौहान शासक ने अपनी पासवान अबलामीणी के नाम पर 'अबलामीणी महल' बनवाया था?
(1) रामसिंह (2) देवाहाड़ा
(3) मुकुन्द सिंह (4) विष्णुसिंह (3)

23. निम्न में से कोटा के किस चौहान शासक के शासनकाल में 'भटवाड़ा का युद्ध' हुआ?
(1) बुद्धसिंह (2) अनिरूद्ध हाड़ा
(3) उम्मेदसिंह (4) शत्रुशाल (4)

व्याख्या- शत्रुशाल प्रथम के समय मुगल बादशाह अहमद शाह ने कोटा राज्य के अधीन आने वाले रणथम्भौर दुर्ग को जयपुर के माधोसिंह प्रथम को दे दिया। जिससे नाराज होकर कोटा की सेना ने झाला जालिम सिंह के नेतृत्व में नवम्बर 1761 ई. में भटवाड़ा (बारां) का युद्ध में जयपुर के शासक सवाई माधोसिंह प्रथम को हराया।

24. जालौर का किला राज्य का ऐसा किला है, जिसका दरवाजा कोई आक्रमणकारी नहीं खोल सका। यह कथन किसका है?
(1) अमीर खुसरो (2) हसन निजामी
(3) बिशप हैयर (4) अबुल फजल (2)

25. कोटा वह शासक जो कृष्ण भक्त था, तथा स्वयं को कृष्णदास कहलाना पसंद करता था?
(1) राव रामसिंह प्रथम (2) महाराव भीमसिंह प्रथम
(3) राव शत्रुशाल (4) राव उम्मेदसिंह (2)

26. बूँदी में '84 खम्भों की छतरी' का निर्माण किसके शासन काल में करवाया गया था?
(1) राव दलेलसिंह (2) राव रतनसिंह
(3) राव शत्रुशाल (4) अनिरूद्ध सिंह (4)

व्याख्या- अनिरूद्ध सिंह हाड़ा के शासन काल में 1683 ई. से 1695 ई. के मध्य बूँदी (देवपुरा गाँव) में '84 खम्भों की छतरी' का निर्माण हुआ।

27. वायसराय लॉर्ड कर्जन कोटा आने वाला प्रथम वायसराय था। यह किसके शासनकाल में कोटा आया था?
(1) राव भीमसिंह (2) राव उम्मेदसिंह द्वितीय
(3) राव किशोर सिंह (4) राव रामसिंह (2)

28. बूँदी का वह शासक जो शहजादा दारा के पक्ष में युद्ध करते हुए 'सामूगढ़ के युद्ध' में वीरगति को प्राप्त हुआ?
(1) राव शत्रुशाल (2) राव अनिरूद्ध सिंह
(3) राव भावसिंह (4) राव बुद्ध सिंह (1)

व्याख्या- राव शत्रुशाल राव रतनसिंह के पुत्र गोपीनाथ का पुत्र था। मुगल बादशाह जहाँगीर ने इसे 'राव' की पदवी, 3000 जात व 2000 सवार का मनसब दिया। जब शाहजहाँ के पुत्र में उत्तराधिकारी संघर्ष प्रारंभ हुआ तब राव शत्रुशाल शहजादे दारा के पक्ष में युद्ध करते हुए सामूगढ़ के युद्ध (1658 ई.) में वीर गति को प्राप्त हुआ।

29. वह शासक जिसने बूँदी किले में 'चित्रशाला' का निर्माण करवाया था?
(1) राव रामसिंह (2) राव माधोसिंह
(3) राव उम्मेद सिंह (4) राव बुद्ध सिंह (3)

30. बूँदी के किस शासक के पुत्रों को महमूद खिलजी अपने साथ बन्दी बनाकर माण्डू ले गया तथा धर्म परिवर्तित कराकर उनका नाम समरकन्दी व अमरकन्दी रखा गया था?
(1) देवीसिंह हाड़ा (2) बरसिंह हाड़ा
(3) सुरतान देवड़ा (4) राव सुर्जन सिंह (2)

व्याख्या- महमुद खिलजी ने 1453 ई. में बूँदी के वीरसिंह पर आक्रमण कर उसे मार दिया तथा उसके दोनों पुत्रों समर सिंह व अमर सिंह को माण्डू ले जाकर धर्म परिवर्तन कर इनके नाम समरकंदी व अमरकंदी रख दिए।

31. किस मुगल सम्राट ने कोटा महाराव भीमिसिंह को पुरस्कार स्वरूप शेरगढ़ का किला प्रदान किया था?
(1) औरंगजेब (2) फर्रूखसियर
(3) शाहजहाँ (4) शाहआलम (2)

32. रणथम्भौर का वह चौहान शासक जिसने लगभग 32 वर्षो तक शासन किया था?
(1) हम्मीर देव (2) जैत्रसिंह
(3) गोविन्दराज (4) बागभट्ट (2)

33. जालौर के साके के बारे में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?
(1) सोनगरा शासक कान्हड़देव चौहान व उसके पुत्र वीरमदेव ने वीरता से मुकाबला किया तथा वीरगति का प्राप्त हुए।
(2) कान्हड़देव की पत्नी रानी 'जेतलदे' के नेतृत्त्व में महिलाओं ने जौहर किया।
(3) कान्हड़देव के सेनापति 'दहिया बीका' ने दुर्ग पाने के लालच में आकर दुर्ग के गुप्त रास्ते शत्रु सेना को बता दिये।
(4) विजय के बाद अलाउद्दीन खिलजी ने जालौर का नाम 'खैराबाद' रख दिया था। (4)

व्याख्या– विजय के बाद अलाउद्दीन खिलजी ने जालौर का नाम बदलकर 'जलालाबाद' रखा था।

34. निम्न में से किस शासक ने 'परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर' की उपाधि ग्रहण की थी?
(1) अजयराज (2) पृथ्वीराज प्रथम
(3) सोमेश्वर (4) दुर्लभराज प्रथम (2)

व्याख्या– पृथ्वीराज प्रथम विग्रह राज तृतीय का पुत्र था। इसने 1105 ई. में पुष्कर के ब्राह्मणों को लूटने आए चालुक्यों को मारा। पृथ्वीराज प्रथम ने 'परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर' की उपाधि ग्रहण की थी।

35. निम्न में से किसके शासनकाल में ठाकुर बलवंत सिंह जयपुर से तीज की प्रतिमा बूँदी लाए थे?
(1) राव रामसिंह (2) राव माधोसिंह
(3) राव उम्मेदसिंह (4) राव भावसिंह (1)

36. किस चौहान शासक ने अपने शासनकाल में चाँदी के सिक्के चलाए थे, जिन पर एक तरफ लक्ष्मी का चिह्न और दूसरी तरफ 'अजयदेव' खुदा मिलता है?
(1) अर्णोराज (2) अजयराज
(3) दुर्लभराज (4) पृथ्वीराज प्रथम (2)

37. किस चौहान शासक ने नाडोल में अपनी कुलदेवी 'आशापुरा माता' के मन्दिर का निर्माण करवाया था?
(1) कीर्तिपाल (2) बलिराज
(3) शोभित (4) लक्ष्मण सिंह (4)

38. मुहम्मद गौरी ने गोविन्दराज को अजमेर का प्रशासक नियुक्त किया था, परन्तु गोविन्दराज के चाचा ने उसे अजमेर से भगा दिया था, तब कुतुबद्दीन ऐबक ने उसे ............... का राज्य प्रदान किया था?
(1) नाडोल (2) जालौर
(3) सिरोही (4) रणथम्भौर (4)

व्याख्या– पृथ्वीराज तृतीय की मृत्यु के बाद मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज के पुत्र गोविंद राज को अजमेर का प्रशासक नियुक्त किया था, लेकिन पृथ्वीराज के भाई हरिराज ने गोंविद राज को अजमेर से भगा दिया। तब कुतुबद्दीन ऐबक ने उसे रणथम्भौर का राज्य प्रदान किया।

39. अढ़ाई दिन के झोपड़े पर किस सूफी संत का उर्स भरता है?
(1) मीर सैय्यद हुसैन (2) पंजाब शाह
(3) हिजामुद्दीन (4) फकरूद्दीन शाह (2)

40. 1308 ई. में सिवाणा दुर्ग के शासक सातलदेव के नेतृत्त्व में वीरों ने केसरिया व ............ के नेतृत्त्व में महिलाओं ने जौहर किया था?
(1) मीणादे (2) रानी कर्मावती
(3) रानी रंगदेवी (4) रानी पद्मावती (1)